# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि देशभर के 9 करोड़ 80 लाख से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि किसान कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

*******************

24 फरवरी से शुरु हो रहे विधानसभा के बजट सत्र को लेकर आज शाम छह बजे से भाजपा विधायकों की एक बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सरकार को सदन के भीतर घेरने की रणनीति तैयार की जायेगी। उधर, सत्ता पक्ष की भी एक बैठक कल आयोजित की जायेगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रयागराज महाकुंभ को लेकर भ्रामक टिप्पणी और गलत तथ्यों के साथ बयानबाजी करने के आरोप में मंत्री इरफान अंसारी तथा मंत्री हफीजुल हस के खिलाफ झारखंड पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इन मंत्रियों के बयान से सनातन धर्म में आस्था रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने के साथ माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है।

*******************

गुमला जिले में संचालित सेनेटरी पैड सेंटर प्रोजेक्ट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

रांची–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित समय शाम छः बजे की बजाय रात्रि के ग्यारह बजे रांची स्टेशन से खुलेगी। लिंक रोड के विलंब की वजह से ट्रेन के प्रस्थान समय में यह बदवाव किया गया है।

*******************

रामगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देश पर  पुलिस की टीम ने एक घर में छापेमारी कर अवैध शराब कारोबार से जुड़े बारह लोगों को गिरफ्तार करने के साथ अलग–अलग ब्रांड की हजारों बोतल नकली शराब जब्त की है।

*******************

गुमला के उप विकास आयुक्त ने आज ई–जनशिकायत कार्यक्रम के तहत वर्चुअल माध्यम से सिसई और रायडीह प्रखंड वासियों की समस्याओं को सुना और संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियें  को इन समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने के निर्देश दिया।

*******************

देवघर में शिवरात्रि को लेकर आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। उपायुक्त ने बताया कि शिव बारात महोत्सव को भव्य स्वरुप दिया जा रहा है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर हुई बारिश और ओलावृष्टि से तामपान में भी थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से झारखंड के मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में राज्य के चौदह जिलों में अगले चौबीस घंटे के दौरान आंधी–बारिश और ओलावृष्टि का औरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********